तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 25 मई 2026

4 अंधेरी रात में अवैध खदानों पर अधिकारियों ने दी दबिश, 5 भारी वाहन किए गए जब्त





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
25 मई 2026
कूपन नं. 1

### जंगलों में जाकर कर रहे हैं जांच, दो-तीन दिन अभी जंगल में ही गुजारेंगे वक्त

# 17 दिनों में तीन नन्हें हाथियों की मौत, वजह ढूंढने देहरादून, बरेली व जबलपुर से पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पेड़ कट रहे हैं, जंगलों का दायरा धीरे-धीरे कम होते जा रहा है। किसी समय घनघोर जंगलों में अब गिने-चुने पेड़ ही नजर आती है। इधर बीते 17 दिनों में तीन और जनवरी से लेकर अब तक 8 हाथियों की जान जा चुकी है। एक ही प्रकृति से हो रही मौतों ने वन विभाग के अधिकारियों को चिंता में डाल दिया है। दूसरी ओर जब रविवार को दलदल में ही फंस कर तीसरी हाथी शावक की मौत हुई तो अधिकारी एक बार फिर सकते में आ गए। वहीं अब हाथियों की मौतों की वजह ढूंढने देहरादून, बरेली और जबलपुर से एक टीम भी यहां पहुंची है। यह टीम जंगलों का निरीक्षण कर इसकी जानकारी इकठ्ठा करने की कोशिश करेगी। साथ ही यहां के वन विभाग के कर्मचारियों को इसकी ट्रेनिंग भी देंगे। कुल मिलाकर हाथी खासकर शावकों की मौत ने विभाग के अधिकारियों को झकझोर दिया है।

धरमजयगढ वनमंडल के जंगल से शनिवार की रात ममता, बेबसी और दर्द का ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने इंसानों को भीतर तक झकझोर कर रख दिया। छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पुसल्दा आमामुडा तालाब के दलदल में फंसे एक नन्हें गजराज की आंखों के सामने उसकी मां उसे बचाने के लिए रातभर प्रयास करती रही। कभी सूंड से सहलाती, तो कभी पैरों से उठाने का प्रयास करती, लेकिन अंततः मादा हाथी अपने बच्चे को मौत के मुंह से निकालने में नाकाम रही और उसकी जान चली गई। इसके साथ आए अन्य हाथी भी वहां रात भर चिंघाड़ते रहे, मानो वे सभी इस जंगल को उस नन्हें मासूम को बचाने की पुकार लगा रहे हों। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की रात करीब 8 बजे हाथियों का एक दल पुसल्दा गांव के जंगल में स्थित आमामुड़ा तालाब में नहाने और पानी पीने के लिए उतरा था। तभी इस दल में मौजूद एक शावक दलदल में बुरी तरह फंस गया, जिसके बाद हाथियों ने इस शावक को दलदल से निकालने का भी प्रयास किया, लेकिन वे विफल रहे और रात भर तालाब के पास ही मंडराते रहे। आस में मौजूद गांव के ग्रामीणों को रात भर हाथियों के चिंघाड़ने की आवाज आती रही। तभी उन्हें अनहोनी की शंका हुई और इसी बीच हाथी मित्र दल को भी इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद सुबह ग्रामीण व वन अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि जब अधिकारी व कर्मचारियों की टीम को दलदल से निकालने के लिए तालाब के पास पहुंची तो उन्होंने बड़ा मार्मिक दृश्य देखा, दलदल में फंसे शावक के शव को एक मादा हाथी अपने सूंड और पैरों से उठाने की कोशिश करती नजर आई। साथ ही वह बीच-बीच में चिंघाड़ भी रही थी। मादा हाथी के चिंघाडने की आवाज में अपने बच्चे को खोने का दर्द साफ तौर महसूस हो रहा था। यह दृश्य को देख वहां मौजूद ग्रामीण और वनकर्मियों के आंखों में आंसू आ गए। मादा हाथी वहां काफी देर खड़ी रही, वह कुछ कदम आगे बढ़ाती और फिर शव के पास पहुंच कर सूंड और पैरों से दलदल से निकालने का प्रयास करती, जिसके बाद वह फिर से कुछ समय के लिए पीछे हट जाती। काफी देर इंतजार के बाद आखिरकार मादा हाथी की उम्मीद टूट गई और वह समझ गई कि उसका नन्हा गजराज अब कभी वापस नहीं आएगा, क्योंकि वह उससे काफी दूर जा चुका है। ऐसे में वह मायूस होकर वापस लौट गई। मादा हाथी के वापस लौटने के बाद वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। जिसके बाद चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम करते हुए सैंपल इकट्ठा किए। इन प्रक्रियाओं के बाद नन्हे गजराज के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



**फैक्ट फाइल**

| तारीख | क्षेत्र | मौत का कारण |
|---|---|---|
| 27 जनवरी | घरघोड़ा रेंज, कमतरा बीट | चट्टान में फंसने से 1 शावक की मौत |
| 22 फरवरी | तमनार रेंज, झिंगोल परिसर | 1 हाथी शावक का शव मिला |
| 11 मार्च | घरघोड़ा रेंज, कुरकुट नदी | दलदल में फँसे, 2 शावकों की मौत |
| 24 अप्रैल | लैलूंगा रेंज, चिलकागुडा | 1 हाथी शावक का शव मिला |
| 8 मई | छाल रेंज, घोघरा डेम | 1 हाथी शावक की मौत |
| 11 मई | छाल रेंज, तरकेला | 1 हाथी शावक की मौत |
| 22 मई | छाल रेंज, पुसल्दा | 1 हाथी शावक की मौत |

**5 महीने में 8 शावकों ने तोड़ा दम**

गौरतलब हो कि बीते 5 माह में 8 नन्हें शावकों की किसी न किसी वजह से मौत हो गई। इन 5 माह में हर माह एक से दो शावकों की मौत की खबरें सामने आई हैं। जंगल में भोजन व पानी की अनुपलब्धता की वजह से हाथी बार-बार गांव के पास मौजूद तालाबों में पहुंच रहे हैं, जिसके दलदल में फंस कर शावकों की अकाल मौत हो रही है। सबसे अधिक मौते धरमजयगढ वन मंडल में ही देखने को मिली हैं।

स्थानीय वन कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने व लगातार हो रही मौतों की जांच करने के लिए देहरादून, बरेली, जबलपुर से विशेषज्ञों व चिकित्सकों की एक टीम आई है। जो कर्मचारियों को शव के परीक्षण व नमूने एकत्र करना और पोस्टमार्टम सहित अन्य औपचारिकताओं के लिए प्रशिक्षित करेगी। वहीं शावकों की मौत प्राकृतिक है इसमें मानवीय हस्तक्षेप की पुष्टी नहीं हुई है।

**जितेन्द्र कुमार उपाध्याय**
**वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़**

## रायगढ़ में लू का अलर्ट स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**रायगढ़।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। जारी चेतावनी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के बलौदाबाजार, बेमेतरा, बिलासपुर, दुर्ग, कबीरधाम, खैरगढ़ छुईखदान गंडई, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर और राजनांदगांव जिले प्रभावित हो सकते हैं। मौसम में अचानक आई इस तेज गर्म हवाओं और बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ. अनिल कुमार जगत ने लू के लक्षण, बचाव और प्राथमिक उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी जारी करते हुए नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में लू का प्रभाव गंभीर हो सकता है, इसलिए लोग एहतियात अपनाएं। घर से बाहर निकलने से पहले पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्केए सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर को ढंककर रखें तथा छतरी, टोपी या कपड़े का उपयोग करें। साथ ही शरीर में पानी की कमी न होने दें और नियमित रूप से पानी, छाछ, ओआरएस घोल, लस्सी, नींबू पानी और आम का पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करते रहें। स्वास्थ्य विभाग ने लू के प्रमुख लक्षणों में सिरदर्द, तेज बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना, बेहोशी, कमजोरी, शरीर में ऐंठन और नब्ज का असामान्य होना बताया है।

**खबर संक्षेप**

## नहरपाली समपार फाटक दो दिन रहेगा बंद

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत भूपदेवपुर–राबर्ट्सन स्टेशनों के मध्य स्थित मानव सहित नहर पाली समपार को 26 मई एवं 27 मई को सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग जामपाली समपार फाटक से उपलब्ध है।

## आईएमए ने पुलिस को दी सीपीआर ट्रेनिंग



**रायगढ़।** स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के तत्वावधान में ऑल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आज मेडिकल कॉलेज में पुलिसकर्मियों के लिए एकदिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में घायल अथवा हृदयाघात से पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित सहायता प्रदान करने और सीपीआर ;कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशनद्ध देने के तरीकों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में डॉक्टरों की टीम ने पुलिसकर्मियों को पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन और वीडियो डेमो के माध्यम से सीपीआर की आवश्यकता और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. गजेंद्र ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि दुर्घटनाए आगजनीए बाढ़ जैसी आपदा या अन्य किसी कारण से यदि किसी व्यक्ति का ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित हो जाए, वह मूर्छित हो और कोई प्रतिक्रिया न दे रहा होए तो सही तरीके से सीपीआर देकर उसके रक्त संचार को पुनः सक्रिय किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में सबसे पहले व्यक्ति को जरूरी है सुरक्षित स्थान पर ले जाएंए उसकी प्रतिक्रिया चेक करें, डायल 108 और 112 पर कॉल कर मेडिकल सहायता बुलानी चाहिए। मेडिकल टीम के पहुंचने तक सीपीआर देकर पीड़ित व्यक्ति का जीवन बचाने का प्रयास किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटना संबंधी वीडियो के माध्यम से सीपीआर देने की विधि का डेमो दिखाया गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने स्वयं एक.एक कर सीपीआर देने का प्रायोगिक अभ्यास किया।

## उद्योगों में बढ़ी सुरक्षा की सतर्कता, हादसों की रोकथाम के लिए मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण



**रायगढ़।** जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में कर्मचारियों की सुरक्षा और औद्योगिक हादसों को रोकने के उद्देश्य से लगातार सुरक्षा वर्कशॉप और मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही हैं। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न उद्योगों के अधिकारियों और कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई कर नुकसान को कम किया जा सके।

हाल ही में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने जैसी परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास कराया गया। इसमें कर्मचारियों को बताया गया कि आग लगने पर किस तरह तत्काल नियंत्रण किया जाए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए और अलग अलग परिस्थितियों में उपयोग होने वाले अग्निशामक यंत्रों का सही इस्तेमाल कैसे किया जाए। प्रशिक्षण में यह भी समझाया गया कि शुरुआती कुछ मिनटों में सही निर्णय लेकर बड़े हादसों को टाला जा सकता है। एमएसपी स्टील में आयोजित सुरक्षा वर्कशॉप और नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम में जिले के 10 बड़े उद्योगों के करीब 50 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उद्योगों के बीच बेहतर समन्वयए सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। वर्कशॉप के दौरान स्पंज आयरन और स्टील मेकिंग यूनिट में अपनाई जाने वाली मानक संचालन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इसमें प्लांट संचालन के दौरान जोखिम प्रबंधन, मशीन सुरक्षाए कार्यस्थल सतर्कता और कर्मचारियों की सुरक्षा से जुड़े अहम पहलुओं की जानकारी साझा की गई। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के मुताबिक जिले में पूरे महीने के दौरान अब तक करीब 12 मॉक ड्रिल आयोजित की जा चुकी हैं। विभाग का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## अवैध शराब की बिक्री करते 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्रवाई कर आरोपियों को अवैध कच्ची महुआ शराब एवं अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ है। जानकारी के अनुसार पहली कार्रवाई में आरोपी रवि साहू पिता ठाकूर राम साहू उम्र 26 वर्ष निवासी रायकेरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 25 पाव अंग्रेजी शराब तथा 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। इसके अलावा शराब बिक्री की रकम 450 रुपये भी बरामद की गई। कुल 19.500 लीटर शराब एवं नकदी सहित लगभग 7750 रुपये का माल जप्त किया गया।इसी तरह दूसरी कार्रवाई में आरोपी मुरलीधर राठिया पिता चमार सिंह राठिया उम्र 26 वर्ष निवासी रायकेरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 12 पाव अंग्रेजी शराब तथा 9.500 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई।

## 24 घंटे बाद भी धधक रही आग, कबाड़ गोदाम में ट्रक और शोरूम में 45 मोटर साइकिल जलकर खाक



**रायगढ़।** छातामुडा चौक के समीप नेशनल हाई-वे 153 पर स्थित एक कबाड के गोदाम में शनिवार की दोपहर को लगी भीषण आग, रविवार की दोपहर तक धधकती रही। इस भयावह आग पर काबू पाने के लिए शनिवार को रात भर और रविवार की सुबह से लगातार कोशिश के बाद भी दमकल वाहन घटना स्थल पर पहुंचते देखे गए। रविवार की सुबह से दोपहर करीब 1 बजे तक 11 दमकल वाहनों को घटना स्थल पर भेजा गया। इसके बाद भी वहां कुछ हिस्से में आग धधकती देखी गई और धुआं इतनी कि पूरा क्षेत्र इस धुएं के गुबार के आगोश में आ गया। जहां देखें वहां प्लास्टिक के जलने की गंध और धुआं ही धुआं नजर आ रहा था।

गौरतलब है कि शनिवार की दोपहर को इस कबाड के गोदाम के पिछले हिस्से में आग लगी, जिसके बाद धुआं निकलना शुरू हुआ। जब लोगों की नजर इस पर पड्ती, मामला हाथ से निकल चुका था। कुछ ही मिनटों में आग ने गोदाम में बेचने के लिए रखे गए प्लास्टिक और गत्तों के कबाड़ के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया। जैसे ही प्लास्टिक के ढेर में आग लगी तो यह काबू से बाहर हो गई, इसके साथ ही हवाओं ने इस आग को सुलगाने का काम किया। देखते ही देखते आग पूरे गोदाम में फैल गई, गोदाम के भीतर कुछ महिनों से प्लास्टिक व कागज के गत्ते रखे गए थे। जो पूरी तरह से आग की चपेट में आ गए। गोदाम में आग लगने की घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसपी अनिल सोनी, तहसीलदार शिव डनसेना, थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इधर नगर सेना, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, अडानी पावर, एनटीपीसी और अन्य प्लांटों से भी दमकल वाहन वाहन पहुंचने लगे। गोदाम में लगी आग को बुझाने का यह कार्य शनिवार की दोपहर से शुरू हुआ जो रातभर चलता रहा। रात को भी दमकल के वाहनों को मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश करते देखा गया। पुलिस व जिला प्रशासन की टीम रात भर मौके पर डटी रही। करीब 16 से 17 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर कुछ हद तक काबू पाया जा सका। रविवार की सुबह की पहली किरण के साथ ही कुछ और दमकल वाहन गोदाम के भीतर दाखिल हुआ और भीतर में शेड के नीचे कबाड़ में लगी आग पर काबू की कोशिश करते रहे। रविवार की दोपहर तक आग पर तो काफी हद तक काबू पा लिया गया था, लेकिन मौके पर इतना अधिक धुआं था कि भीतर जा कर पानी की बौछार करना काफी चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा था।

### मशीनरी भी जलकर खाक

बताया जा रहा है कि कबाड़ के गोदाम में प्लास्टिक कंप्रेशर व कटर मशीन के साथ ही एक ट्रक सहित टाटा ऐश भी पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। इसके साथ ही अन्य कुछ छोटी मशीनरी भी थी वह भी पूरी तरह से जल कर नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार के अनुसार गोदाम के भीतर कई टन कबाड़ जमा कर रखा हुआ था। गोदाम के एक हिस्से में प्लास्टिक के कबाड़ को कंप्रेस कर एकत्र कर रखा गया था, बताया जा रहा है कि इस कप्रेंस्ड कबाड़ कुछ दिनों बाद रिसाइकिल के लिए भेजा जाना था, लेकिन इससे पहले ही यह दुर्घटना घट गई। हालांकि अब भी नुकसान का आंकलन नहीं किया जा सका है, फिर भी लाखों रूपए के नुकसान होने की बात कही जा रही है।

### मोटरसाइकिल शोरूम को भी हुआ नुकसान

शनिवार की दोपहर को भड़की आग के शांत होने के बाद रविवार की सुबह नुकसान नजर आने लगा। कबाड़ गोदाम से लगा हुआ आदित्य हीरो शोरूम में भी काफी नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार जब यह दुर्घटना घटित हुई तब शोरूम के पिछले हिस्से में करीब 300 से अधिक नए मोटरसाइकिल थे, जिन्हें बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि इसी आपाधाती के बीच शोरूम में सर्विस के लिए आई हुई करीब 2 से 3 मोटरसाइकिल चोरी भी हो गई। शोरूम के सीनियर सेल्स मैनेजर ऑस्टीन जॉर्ज का कहना है कि इसमें से करीब एक दर्जन मोटरसाइकिल एक्सीडेंटल थे, जो मरम्मत के लिए लाए गए थे। इसके साथ ही पिछले हिस्से में सर्विस के लिए रखी गई करीब 45 मोटरसाइकिल जल कर खाक हो गई। वहीं कंप्रेशर रूम भी जल कर गया।

### न धान आया न किसान, फर्जी तरीके से की गई 3140.80 क्विंटल की एंट्री

# साल्हेओना समिति में एक करोड़ का गबन, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया पुलिस द्वारा धान उपार्जन केन्द्र साल्हेओना पंजीयन क्रमांक 245 में बिना धान आवक के फर्जी तरीके से ऑनलाईन एन्ट्री कर रकम गबन करने वाले समिति प्रबंधक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा है।

पुलिस ने बताया कि बंशीधर पटेल पिता मोतीराम पटेल उम्र 56 ग्राम कटंगपाली 'अ' थाना सरिया समिति प्रबंधक उपार्जन केन्द्र साल्हेओना पंजीयन क्रमांक 245 व वासुदेव पटेल पिता मगन पटेल 48 ग्राम बरमकेला वार्ड क्रमांक 07 थाना बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छग कम्प्युटर ऑपरेटर उपार्जन केन्द्र साल्हेओना पंजीयन क्रमांक 245 को गिरफ्तार किया गया है। सहायक खाद्य अधिकारी बरमकेला विद्यानंद पटेल के लिखित रिपोर्ट पर धारा 316(5), 3(5) बीएनएस कायम किया गया। एएफओ विद्यानंद पटेल थाना ने धान उपार्जन केन्द्र साल्हेओना के समिति प्रबंधक बंशीधर पटेल और कंम्प्यूटर ऑपरेटर वासुदेव पटेल द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 का धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से बीते 06 फरवरी तक खरीदा गया है। उक्त उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी में गंभीर अनियमितता सामने आने के बाद कलेक्टर द्वारा जॉच टीम गठित किया गया था इस टीम में सरिया तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू, एएफओ विद्यानंद पटेल, सहकारी निरीक्षक अजय सिंह सिदार और संग्रहण केन्द्र प्रभारी लकेश्वर टंडन शामिल किया गया था। टीम द्वारा 20 अप्रैल को धान उपार्जन केन्द्र साल्हेओना का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें 3140.80 क्विंटल धान कीमती 97 लाख 36 हजार 480 रुपए और नया जूट बारदाने 2045 नग कीमती 1 लाख 75 ह हजार 931.35 पैसे कुल 99 लाख 12 हजार 411. 35 पैसे की कमी पाई गई। समिति प्रबंधक बंशीधर पटेल और कम्प्यूटर ऑपरेटर वासुदेव पटेल को पूछताछ करने पर धान उपार्जन केन्द्र साल्हेओना में किसानों के नाम से 3140.80 क्विटल धान उपार्जन केन्द्र साल्हेओना में बिना आवक के फर्जी तरीके से टोकन कटाकर तौल कराकर कम्प्युटर सिस्टम में बॉयोमैट्रिक डिवाईश एवं आईरिश स्कैनर के माध्यम से ऑनलाईन धान खरीदी एन्ट्री कर समिति एवं शासन का 99,12,411. 35 रूपये का किसानों से मिली भगत कर गबन किया गया है।



**सामग्री किया गया जब्त**

विवेचना के दौरान समिति प्रबंधक बंशीधर पटेल से किसानों द्वारा धान उपार्जन केन्द्र में लाये तौल पर्ची एवं बॉयोमैट्रिक ओटीपी मोबाईल को एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर वासुदेव पटेल से 02 नग सिस्टम एवं बॉयोमैट्रिक डिवाईश, आईरिश स्कैनर को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है तथा विवेचना के दौरान उक्त उपार्जन केन्द्र के दस्तावेजों पंजी को सहायक खाद्य अधिकारी विद्यानंद पटेल से जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध सिद्ध पाये जाने से आरोपी समिति प्रबंधक बंशीधर पटेल एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर वासुदेव पटेल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

अग्रसेन धाम
SENIOR LIVING HOME
A PREMIUM OLD AGE HOME
1 मई 2026 से
रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी
12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन
सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम
• स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम
• Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444
स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM) जिला - बालोद (छ.ग.)



# जैकी और शरद की डरावनी 'खेती' का मोशन पोस्टर जारी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ ने अपने फिल्मी करियर में एक्शन, थ्रिलर, पारिवारिक ड्रामा और कॉमेडी फिल्मों के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। अब वह भूतिया फिल्म के जिरए लोगों को डराने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनका साथ शरद केलकर देंगे। फिल्म का शीर्षक 'खेती' रखा गया है, जिसका पहला मोशन पोस्टर भी सामने आ गया है। हारिस इम्तियाज खान द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का निर्माण ब्लैककैनवास स्टूडियो के बैनर तले हुआ है। पोस्टर में एक खेत को दर्शाया गया है, जिसके पीछे एक डरावने और रहस्यमयी व्यक्ति की झलक नजर आती है। बैकग्राउंड में एक डरावनी और रहस्यमयी ध्वनि शामिल है।

लाइफ Style



# भूमि

## दलाई लामा से मिलकर आंखों से छलके आंसू

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर एक बार फिर से चर्चा में हैं। इसका कारण उनकी आगामी परियोजना नहीं, बल्कि एक सोशल मीडिया पोस्ट है जो अब वायरल हो रहा है। अपनी इस पोस्ट में अभिनेत्री ने बताया कि आखिर किससे मिलकर उनकी आंखें नम हो गईं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दरअसल, भूमि ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला की अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा की हैं और बताया कि उनकी मुलाकात परम पावन दलाई लामा से हुई। उन्होंने तस्वीरों के जरिए मुलाकात का अनुभव साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'परम पावन दलाई लामा की उपस्थिति में, सबकुछ हल्का, शांत और अलौकिक-सा महसूस हुआ। जैसे ही मैं वहां से उठी, मुझे एहसास हुआ कि मेरी आंखों से आंसू बह रहे हैं। यह एक ऐसा एहसास है जिसे मैं पूरी तरह बयां नहीं कर सकती, बस गहराई से महसूस कर सकती हूं। मैं एक अंतर्मुखी यात्रा पर हूं और जादू के ये पल मेरे दिल को उस जीवन के लिए कृतज्ञता से भर देते हैं जो हमें मिला है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'सचमुच धन्य हूं कि मुझे इतनी शांति, कृपा और करुणा का अनुभव हुआ। यह एक ऐसी स्मृति है जिसे मैं हमेशा अपने साथ रखूंगी।' साथ में सफेद दिल वाला इमोजी भी जोड़ा। उनकी पोस्ट पर उनके फैंस भी अपना प्यार लुटा रहे हैं। काम की बात करें, तो भूमि को आखिरी बार सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज 'दलदल' में देखा गया था। पिछले साल वह 'द रॉयल्स' में दिखी थीं, जिसमें ईशान खट्टर भी थे।

## हॉलीवुड मसाला




# चश्मा के कारण हुईं ट्रोल

**लॉस एंजेलिस।** किम कार्दशियन अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींच लेती हैं और चर्चा का विषय बन जाती हैं। एक बार फिर वह अपने नए लुक की वजह से चर्चा का विषय बन गई हैं। फैशन की दुनिया की बड़ी हस्ती ने हाल ही में एक ऐसा शानदार लुक अपनाया, जिसने ऑनलाइन चर्चा छेड़ दी। इस बार वह अपने बड़े-से काले धूप के चश्मे को लेकर ट्रोल हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि किम एक बोल्ड एनिमल-प्रिंट ड्रेस में हैं।




# एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री एंजेलिना जोली और अभिनेता ब्रैड पिट की बेटी जहरा मार्ले जोली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, जहरा ने अपने नाम से पिता ब्रैड पिट का सरनेम हटा दिया। इस खबर के बाद सोशल मीडिया पर उनको लेकर काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, जहरा ने हाल ही में साइकोलॉजी सबजेक्ट में बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की। कॉलेज के ग्रेजुएशन सेरेमनी में जब वह डिग्री लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, तो उनका नाम 'जहरा मार्ले जोली' पढ़ा गया। हालांकि, कॉलेज में आधिकारिक रूप में उनका पूरा नाम 'जहरा मार्ले जोली-पिट' लिखा हुआ था, लेकिन स्टेज पर उनके नाम से 'पिट' हटाए जाने को वहां मौजूद लोगों ने नोटिस किया। नवंबर 2023 में जब जहरा एक छात्र संगठन 'अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी' में शामिल हुई थीं।



# 'टॉक्सिक' में धाकड़ होगा महिलाओं का किरदार

**मुंबई।** अभिनेता यश अपनी आने वाली फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की जमकर तारीफ कर रहे हैं। उनका कहना है कि ये कोई साधारण या आम गैंगस्टर (गुंडों वाली) फिल्म नहीं है। इस फिल्म की निर्देशक गीतू मोहनदस हैं। फिल्म में कियारा आडवाणी और नयनतारा भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। यश के मुताबिक, ये फिल्म इंसानी भावनाओं की गहराई को दिखाती है और इसमें कहानी को बिल्कुल नए और दमदार तरीके से पेश किया गया है। यश ने गीतू मोहनदास की निर्देशन शैली को अप्रत्याशित बताया है। उन्होंने कहा, हर सीन में कुछ नया देखने को मिलता है, कहानी का रुख बदल जाता है। उन्होंने फिल्म में महिला किरदारों को 'धाकड़' बताया है, जो उनकी ताकत और जिंदा रहने की ललक को उजागर करती है।



# प्रकाश राज ने पूरी की दृश्यम-3 की शूटिंग

**मुंबई।** अभिनेता प्रकाश राज ने अपनी आने वाली फिल्म 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी कर ली है। ये अजय देवगन अभिनीत एक हिंदी क्राइम थ्रिलर है। उन्होंने सेट से एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'एक शानदार टीम के साथ गजब का शूट खत्म हुआ। इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत मज़ा आया। मुझे पूरा यकीन है कि ये आपको भी बहुत पसंद आएगी... अब अगली फिल्म की ओर।' बता दें कि ये फिल्म अक्टूबर, 2026 में सिनेमाघरों में आएगी। निर्देशक अभिषेक पाठक की ये फिल्म विजय सालगांवकर और उनके परिवार की कहानी आगे बढ़ाएगी। कहानी में दिखाया जाएगा कि कैसे परिवार एक अपराध को छिपाने के बाद उसके नतीजों से जूझता है। फिल्म में अजय देवगन, तब्बू और श्रिया सरन अपनी पहले वाली भूमिकाओं में ही दिखेंगे।

## टीवी मसाला



# सिंगर बनने मुंबई आई थीं सुगंधा मिश्रा, फिर ऐसे बनी कॉमेडियन

**मुंबई।** भारत की फेमस कॉमेडियन और सिंगर सुगंधा मिश्रा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो अपने अब तक के करियर में कई कॉमेडी शोज में नजर आ चुकी हैं, लेकिन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से उन्हें एक अलग ही पहचान मिली। इस शो में उन्होंने विद्यावती का किरदार निभाया था। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि सुगंधा कॉमेडियन नहीं, बल्कि सिंगर बनना चाहती थी। सुगंधा 23 मई को अपना 38वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। आइए इस मौके पर उनकी जिंदगी से जुड़ी दिलचस्प बातें जानते हैं।

***संगीत घराने से रखती हैं ताल्लुक :*** सुगंधा मिश्रा का जन्म 23 मई, 1988 को पंजाब के जलंधर में हुआ है। उन्होंने गुरु नानक देव यूनवर्सिटी से पढ़ाई की और म्यूजिक भी सीखा। बचपन से ही सुगंधा सिंगर बनना चाहती थीं और उन्होंने 14 साल की उम्र से गाना शुरू कर दिया था। सुगंधा का संगीत से ताल्लुक बचपन से ही रहा है। दरअसल, वो संगीत से जुड़े प्रतिष्ठित इंदौर घराना से ताल्लुक रखती हैं। वो अपने परिवार की चौथी पीढ़ी हैं, जिन्होंने संगीत में करियर बनाया। बता दें कि सुगंधा ने संगीत की शिक्षा अपने दादाजी पंडित शंकर लाल मिश्रा से ली थी।

***कपिल शर्मा को देती हैं क्रेडिट :*** सुगंधा मिश्रा ने 'सारेगामापा सिंगिग सुपरस्टार' नाम के रियलिटी शो में हिस्सा लिया था और थर्ड रनर अप रहीं। इसके बाद सुगंधा को 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' के ऑडिशन में चुना गया था, जिसके बाद वह स्टैंड-अप कॉमेडियन बन गईं। वो अपने कॉमेडियन बनने का क्रेडिट कपिल शर्मा को देती हैं, जिसका जिक्र उन्होंने 2014 में दिए एक इंटरव्यू में भी किया था।

## टीवी पर आ रहा नया शो 'सैराब'

स्टार प्लस का आने वाला सीरियल 'सैराब' पिछले एक हफ्ते से खूब चर्चाओं में हैं। हालांकि अब फैंस का इंतजार खत्म हो गया हैं क्योंकि हाल ही में



स्टार प्लस और शो के मेकर्स ने इसके लीड कलाकारों के नाम से पर्दा हटा दिया है और नए रोमांटिक जोड़ी के नामों का ऐलान कर दिया हैं. चैनल ने ऑफिशियली इस रोमांटिक ड्रामा के लीड का नाम बताया कि इस बार 'सैराब' में मदिराक्षी मुंडले और रोहित चंदेल की जोड़ी देखने को मिलेगी। कुछ दिनों पहले ही शो का टीजर रिलीज किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। शो में रोहित एक सिंगिंग सेंसेशन और पॉप स्टार के रूप में नजर आएंगे, जिसकी लाइफ शोहरत, जुनून और इमोशंस से भरी हुई हैं। वहीं मदिराक्षी की स्क्रीन प्रेजेंस भी बहुत ही शानदार देखने को मिली। ये शो 2 जून से शाम 7:30 बजे टीवी पर प्रसारित होने वाला है. आप इसे टीवी के अलावा ओटीटी प्लेटफार्म जियो हॉटस्टार पर भी आसानी से देख सकते हैं।

# अक्षय कुमार ने संवारा कश्मीर का ये सरकारी स्कूल, 1 करोड़ के दान से हुआ कायाकल्प

*__जम्मू।__ अक्षय कुमार ने एक बार फिर अपनी दरियादिली से सबका दिल जीत लिया है। अभिनेता द्वारा दिए गए 1 करोड़ रुपये के भारी-भरकम दान ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में स्थित एक सरकारी स्कूल की सूरत पूरी तरह बदल कर रख दी है। अक्षय की इस मदद से स्कूल की एक नई और अत्याधुनिक बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है, जिसने कश्मीरी बच्चों के बेहतर भविष्य की नई राह खोल दी है।*

### अक्षय के पिता के नाम पर बनी नई बिल्डिंग

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में गुरेज घाटी के सुदूर सीमावर्ती इलाके में स्थित गवर्नमेंट मिडिल स्कूल नेरो तुलेल के लिए अक्षय ने 2021 में 1 करोड़ रुपये दान किए थे। इस योगदान का उपयोग स्कूल का एक नया ब्लॉक बनाने के लिए किया गया है, जिससे स्थानीय बच्चों के लिए संस्थान के बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। अक्षय के पिता की याद में इस नई बिल्डिंग का नाम श्री हरि ओम भाटिया एजुकेशन ब्लॉक रखा गया है।



### अक्षय के प्रयास से सुदूर कश्मीरी गांव में मजबूत हुई शिक्षा की नींव

इस दौरे के दौरान अक्षय ने बीएसएफ जवानों से भी मुलाकात की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनके साथ डांस भी किया था। नई बिल्डिंग का निर्माण पूरा होने के साथ छात्र अब बेहतर शैक्षणिक माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों और स्कूली बच्चों ने कहा कि इन सुविधाओं ने स्कूल के अनुभव को बेहतर बनाया है और सुदूर सीमावर्ती गांव में रहने वाले बच्चों के लिए भविष्य की शैक्षिक संभावनाओं को मजबूत करने में मदद की है।

### एलओसी पर बच्चों के हालात देख पिघला था अक्षय का दिल

नई बिल्डिंग में अब क्लासरूम, एक कंप्यूटर लेबोरेटरी, एक लाइब्रेरी और शिक्षकों के लिए ऑफिस स्पेस है, जबकि छात्रों को एक साफ-सुथरे और बेहतर माहौल में सरकार की 'मिड-डे मील' (मध्याह्न भोजन) योजना का लाभ भी मिल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, साल 2021 में अक्षय बीएसएफ के निमंत्रण पर एलओसी पहुंचे थे। तुलेल गांव के दौरे के दौरान उन्होंने बच्चों और स्कूल की स्थिति देखकर इस स्कूल के लिए 1 करोड़ रुपये दान देने की घोषणा की थी।

# 'राजा शिवाजी' बनी सबसे तेजी से 100 करोड़ कमाने वाली पहली मराठी फिल्म



**मुंबई।** रितेश देशमुख के निर्देशन और अभिनय वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा सबसे तेजी से छूने वाली मराठी फिल्म बन गई है। फिल्म की चर्चा हर तरफ है। सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है और दर्शक इसे बार-बार देखने भी आ रहे हैं। यही वजह है कि ये फिल्म पूरे महाराष्ट्र और उससे बाहर भी एक बड़ा सांस्कृतिक पल बन गई है।

***देशमुख की 'मुंबई फिल्म कंपनी' दे रही हिट फिल्में :*** ये कामयाबी रितेश और जेनेलिया देशमुख की 'मुंबई फिल्म कंपनी' के बेहतरीन रिकॉर्ड में एक और मील का पत्थर साबित हुई है। पिछले 10 सालों में इस कंपनी ने 'बालक पालक' (जिसे नेशनल अवॉर्ड मिला), 'येलो' और 'लाई भारी' जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। 'राजा शिवाजी' की बात करें तो इसमें संजय दत्त, विद्या बालन, महेश मांजरेकर और खुद जेनेलिया जैसे बड़े कलाकार भी शामिल हैं।

## मां-बेटी का ये पल इंटरनेट पर छाया हुआ है

# कान्स 2026: आराध्या ने किया अंतर्राष्ट्रीय रेड कार्पेट पर डेब्यू, लाइमलाइट लूटी

*__मुंबई।__ कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 के मंच से कुछ बेहद खूबसूरत और यादगार तस्वीरें सामने आई हैं। बॉलीवुड की 'ग्लोबल क्वीन' ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन ने अंतरराष्ट्रीय रेड कार्पेट पर अपना शानदार डेब्यू कर लिया है। अब तक अपनी मां के साथ सिर्फ एक साथी के रूप में दिखने वाली 14 साल की आराध्या इस बार खुद स्पॉटलाइट में रहीं और अपने लुक से पूरी लाइमलाइट लूट ली। मां-बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।*



### फैंस बोले- ये तो छोटी ऐश्वर्या है

आराध्या पिछले कई सालों से अपनी मां के साथ कान्स फिल्म फेस्टिवल में आ रही हैं, लेकिन ये पहली बार है, जब उन्होंने अपनी मां के साथ रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा और तस्वीरों के लिए पैपराजी को जमकर पोज दिए। सोशल मीडिया पर फैंस ने इस मां-बेटी की जोड़ी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'रानी और राजकुमारी'। कुछ लोग आराध्या को छोटी ऐश्वर्या बता रहे हैं। एक ने लिखा, 'बिल्कुल मां पर गई है आराध्या।'

इसके 1 साल बाद ऐश्वर्या आधिकारिक तौर पर लॉरियल की ग्लोबल एंबेसडर बनीं और तब से लेकर आज तक वो कान्स के रेड कार्पेट पर भारत का सबसे लोकप्रिय चेहरा बन चुकी हैं।

### लाल परी बनकर सबका ध्यान खींचा

आराध्या ने आखिरकार कान्स फिल्म फेस्टिवल में आयोजित एक इवेंट में अपनी मां के साथ अपना आधिकारिक रेड कार्पेट डेब्यू कर ही लिया। उन्होंने लाल रंग का एक चमकदार गाउन पहना था, जिसमें पीछे एक सुंदर सा लहराता हुआ कपड़ा लगा था। इस बार सबका ध्यान आराध्या ने ही अपनी तरफ खींचा। लाल परी बनीं आराध्या जैसे ही मां के साथ रेड कार्पेट पर उतरीं, सारे कैमरे उनकी तरफ घूम गए। मां-बेटी का ये पल इंटरनेट पर छाया हुआ है।

### नीले रंग के गाउन में भी खूब चमकी थीं ऐश

ऐश्वर्या ने फिर साबित कर दिया कि क्यों उन्हें कान्स में भारत का सबसे भरोसेमंद और सदाबहार आइकॉन माना जाता है। इससे पहले उन्होंने डिजाइनर अमित अग्रवाल के बनाए एक बेहद अनोखे और शाही ब्लू गाउन में खूब सुर्खियां बटोरी थीं, जिसे स्टाइलिस्ट मोहित राय के साथ मिलकर तैयार किया गया था। फेस्टिवल के दौरान ऐश्वर्या को लॉरियल की साथी ब्रांड एंबेसडर और हॉलीवुड अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया के साथ भी बहुत गर्मजोशी से मिलते और बातचीत करते हुए देखा गया।



## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैंप आज, 110 पदों पर होगी भर्ती

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 25 मई सोमवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा. लि. एवं बॉम्बे सिक्योरिटी गार्ड द्वारा कुल 110 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। कैंप 25 मई को प्रातः 11 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, जशपुर में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा. लि. में सीआरई ग्राहक संबंध अधिकारी के महिला एवं पुरुष के 20 पदों पर रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। इसी प्रकार बॉम्बे सिक्योरिटी गार्ड में पुरुषों के लिए सुरक्षा गार्ड के 60 और सुपरवाइजर के 30 पदों पर रिक्तियां प्राप्त हुई हैं।

### हैवान बने पिता ने अपनी ही मासूम बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। महज 11 साल की बच्ची से उसके ही अपने पिता द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। बच्ची ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी मां को दी जिसके बाद मां की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर इस घटना के बाद लोगों में ख़ासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहीं इधर अधिवक्ता संघ ने भी जांच में आरोप की पुष्टि होने पर आरोपी की पैरवी नहीं करने और उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 13वीं स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप खिलाड़ियों ने जीते में 10 स्वर्ण सहित 14 पदक



**अंबिकापुर।** कोरबा में आयोजित 13वीं स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में सरगुजा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। 20 मई को आयोजित इस प्रतियोगिता में फीलानंदम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के योध्दा क्लब में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों ने 14 पदक अपने नाम किए जिनमें 10 स्वर्ण पदक और 4 रजत पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक सरवर एक्का, आशीष तिर्की, सिद्धांत लकड़ा, अमन जेनिश, अनीश एक्का, न्यूटन कुजूर, लकी ठाकुर, खेलावन दास, प्रीति पैकरा, स्वाति राजवाड़े ने हासिल किया। इसके साथ ही रजत पदक अयान कुमार सिंह, मनोरंजन, आकाश सोनवानी, सोनिया सिंह ने हासिल किया। इस उपलब्धि पर फीलानंदम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के डायरेक्टर अतुल मेहता एवं रेखा मेहता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष दीपक सूर्यवंशी, सचिव सरवर एक्का, कोषाध्यक्ष वर्षा गुप्ता, उप सचिव नितिन श्रीवास्तव ने सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरगुजा के खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

---

**न्यायालय श्रीमान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, घरघोड़ा जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

नियमित सिविल अपील फायलिंग नंबर 280/2025 पेशी तारीख 21.07.2026
प्रोसेस नम्बर 583/2026
श्रीमती सावित्री देवी.....आवेदक
**बनाम**
आम जनता.....अनावेदक
बनाम - आम जनता (जिससे संबंध हो)

इस नोटिस के जरिये **आम जनता (जिससे संबंध हो)** को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत से (जिसका प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी प्राप्त हो) सुनवाई दिनांक 21.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब सह दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस न्यायालय द्वारा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी ।

इस न्यायालय का मुद्रा एवं हस्ताक्षर द्वारा दिनांक 11.05.2026 को जारी किया गया ।

**(अभिषेक शर्मा)**
**जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश**
**घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

---

## जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें अफसर: चौधरी

### अफसरों से बोले- शिकायतें मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वित्त मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारीयों की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जशपुर जिला मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के कारण सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने कार्यों को गंभीरता से लेकर समय सीमा में पूर्ण करें।

■ प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश

श्री चौधरी ने बताया कि पिछले 10 सालों में जितने कार्य स्वीकृत नहीं हुए हैं उतने कार्य जिले के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ आपसी समन्वय बनाकर जिले के विकास के लिए कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हो गया है उन शिलापट्ट को संबंधित गांव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करके एक छोटा कार्यक्रम आयोजित करके अनिवार्य रूप से लगवाएं। इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग के अधिकारियों की रहेगी और किसी भी अधिकारी की शिकायत मिलती है कि शिलापट्ट इधर उधर रखा गया है तो संबंधित अधिकारी पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। उन्होंने महिलाओं और किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रत्येक माह 1 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार और सुझाव भी रखें। प्रभारी मंत्री श्री ओपी चौधरी ने बैठक में सुशासन तिहार, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, समाज कल्याण, खादय विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, गृह निर्माण मंडल, मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना, मत्स्य पालन, उद्यानिकी विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, श्रम विभाग, जिले के मुख्य निर्माण कार्य की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार डीएफओ शशि कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



**सीएम की घोषणाओं का हो रहा पालनः कलेक्टर**

बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि जशपुर जिले में मुख्यमंत्री की घोषणाओं का गंभीरता से पालन किया जा रहा है। जशपुर जिले में मेडिकल कालेज, शासकीय नर्सिंग कॉलेज, शासकीय प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, क्रिटीकल केयर सेंटर, जशपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं के लिए बनाए जा रहे सीएसआर मद से अखिल भारतीय कल्याण आश्रम द्वारा संचालित अस्पताल का निर्माण कार्य आदि अन्य कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सन्ना विकास खंड के ग्राम पंडरा पाठ में विशेष पिछड़ा जनजातीय पहाड़ी कोरवा बच्चों के लिए तीरंदाजी केन्द्र का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसी प्रकार कुनकुरी सलियाटोली में एडवेंचर स्पोर्ट्स मयाली का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी प्रकार कुनकुरी के अधोसंरचना के कार्य, जशपुर और कुनकुरी के नालंदा परिसर का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### आवास योजना के प्रति रहें गंभीर

महिलाएं अपने बच्चों के भविष्य के उन राशि का उपयोग समृद्धि सुकन्या योजना के रूप में कर सकती हैं। इसी प्रकार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए महतारी शक्ति ऋण योजना की भी सुविधा उपलब्ध कराया गया है जिसमें महिलाओं को बहुत कम ब्याज दर में 25 हजार की लोन की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के लिए छोटी छोटी बचत उनके 18 वर्ष पूरे होने पर काम आएगा इसके साथ ब्याज के साथ एक मुश्त राशि का भी लाभ मिलता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल हैं।

### सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकताः एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता है इसके लगने से पुलिस विभाग को बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जशपुर में हेलमेट जागरूकता अभियान के तहत वाहन चलाने वालों को हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की जा रही है। वर्तमान में 2000 अधिक लोगों का अपील वाला विडियो बनाकर सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

## फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**जशपुरनगर।** मनोरा ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित लोकतंत्र सेनानी स्व. महावीर प्रसाद जैन स्मृति फ्लड लाइट रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार देर रात समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार राय एवं शौर्य प्रताप सिंह जूदेव उपस्थित रहे।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अरविंद भगत, शांति भगत, श्यामलाल भगत, मो. हादीस अंसारी, गोविंद राम भगत एवं रामाशंकर गुप्ता मौजूद थे।कार्यक्रम में स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन की धर्मपत्नी तारा देवी जैन सहित देवेंद्र जैन, मनोज जैन, नैतिक जैन, वरुण जैन, प्रतीक जैन, उषा जैन, खुशबू जैन, आकाश जैन एवं मीनल जैन भी शामिल हुए। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों एवं परिवारजनों ने स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चैनपुर (झारखंड) और बाधरकोना



(छत्तीसगढ़) की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें बाधरकोना ने 5 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। आयोजन समिति के अध्यक्ष नमन जैन ने कहा कि उनके दादा स्व. महावीर प्रसाद जैन मनोरा को अपना गांव मानते थे और क्षेत्र के विकास के साथ अनेक सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृतियां सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगी। उनकी स्मृति में यह पहला फ्लड लाइट रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उन्होंने आने वाले वर्षों में प्रतियोगिता को और बेहतर स्वरूप देने की बात कही। आयोजन को सफल बनाने में शिव नंदन भगत, विकास प्रधान, अरविंद सिंह, कृष्णा सिंह, चंदन सिंह, रघुनाथ राम, रोशन बरियार, फैजान और लुइस सहित समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## पंचायत भवन में राशन के बोरे, बन गया गोदाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**कुनकुरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत मटासी में पंचायत भवन बना गोदाम**

**सरपंच बोले- कई बार अधिकारियों से लगाई गुहार लेकिन नहीं मिली स्वीकृति**

विकासखंड कुनकुरी के ग्राम पंचायत मटासी में शासन व्यवस्था की एक बड़ी खामी अब ग्रामीणों की परेशानी का कारण बन चुकी है। गांव में आज तक अलग से पीडीएस गोदाम नहीं बन पाने के कारण पंचायत भवन को ही राशन गोदाम बना दिया गया है। हालत यह है कि जहां ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए, जहां ग्राम सभा और पंचायत की बैठकें आयोजित होनी चाहिए, वहीं अब राशन के बोरे और पीडीएस सामग्री का अंबार लगा हुआ दिखाई देता है।

ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि पंचायत द्वारा कई बार लिखित और मौखिक रूप से उच्च अधिकारियों के सामने अलग पीडीएस गोदाम निर्माण की मांग रखी गई, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। मजबूरी में पंचायत भवन में ही राशन सामग्री रखकर वितरण किया जा रहा है।



### भवन भर जाता है राशन से

ग्रामीण बताते हैं कि जब एक साथ दो से तीन माह का राशन पंचायत में पहुंचता है, तब पूरा पंचायत भवन खचाखच भर जाता है। उस दौरान स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि पंचायत की बैठक करना तक मुश्किल हो जाता है। पंचायत सदस्य, सरपंच, सचिव और ग्रामीणों को राशन के बोरों के बीच बैठकर बैठक करनी पड़ती है।

## शिवनंदनपुर निकाय चुनाव के लिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार हो रहे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम के उपयोग की जानकारी देने विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में वार्डवार आयोजित कार्यक्रमों में मास्टर ट्रेनरों एवं चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने ईवीएम मशीन से मतदान करने की पूरी प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी मीना सिंह ने बताया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के विभिन्न वार्डों में लगाए गए जागरूकता शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिला मतदाता, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए। यहां चुनाव कर्मचारियों ने डेमो ईवीएम मशीन के माध्यम से अवगत कराया कि मतदाता किस प्रकार मतदान केंद्र में प्रवेश करेंगे, मतदाता पर्ची एवं पहचान पत्र का सत्यापन कैसे होगा तथा मतदान कक्ष में जाकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह के सामने लगे बटन को दबाकर वोट डाल सकेंगे। प्रदर्शन के दौरान वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई।

## कृषि महाविद्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में अधिष्ठाता डॉ.एसके सिन्हा, सह संचालक अनुसंधान डॉ.केएल पैकरा एवं कीट अनुसंधान परियोजना के मुख्य अन्वेशक डॉ.पीके भगत की उपस्थिति में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने मधुमक्खियों के संरक्षण, शहर उत्पादन की उन्नत तकनीकों एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। अधिष्ठाता डॉ.सिन्हा ने बताया कि मधुमक्खियां कृषि उत्पादन बढ़ाने, जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## नालंदा परिसर निर्माण में गुणवत्ताहीन ईंटों का उपयोग कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान लगाई फटकार

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे निर्माण कार्य एवं उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी खामियां पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने गुणवत्ताहीन ईंटों के उपयोग पर तत्काल कार्य रुकवाते हुए गुणवत्ता युक्त ईंट सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-



सीमा में गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग करते हुए कार्य पूर्ण करें, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर एवं आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावी ढंग से कर सकें। नालंदा परिसर भविष्य में जिले के युवाओं के लिए ज्ञान, अध्ययन और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर श्री अभिषेक गुप्ता,मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दीपक एक्का मौजूद रहे।



खबर संक्षेप

## दो आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 17.200 लीटर शराब जब्त की है। आबकारी उप निरीक्षक कुशल पटेल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में ग्राम सोंड़का निवासी परदेशी कंवर के कब्जे से 10.200 लीटर तथा ग्राम बासनपाली निवासी उमा बंजारे के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। विभाग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए कुल 86.520 लीटर विदेशी एवं महुआ शराब के साथ 675 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। टीम ने 23 मई को ग्राम गोगा मंदिर जूटमिल के पास क्षेत्र में छापेमारी कर आरोपी बिमला बाई साहू, पति गुलाब सिंह, उम्र 39 वर्ष, निवासी कोड़ातराई, थाना भूपदेवपुर के कब्जे से 45 नग पाव गोवा गोल्डन व्हिस्की, 19 पाव एम्पायर व्हिस्की सहित कुल 64 पाव यानी 11.520 लीटर शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## शिविर में 37 हितग्राहियों का बना राशन कार्ड



**सारंगढ़।** ग्राम पंचायत धाराशिव में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 17 गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां आमजनों की समस्याएं सुनी गईं और आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति और आमजनों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। सुशासन शिविर में तत्काल 37 हितग्राहियों का राशन कार्ड बना। शिविर में कुल 2198 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण तथा महतारी वंदन योजना से जुड़े आवेदन सबसे अधिक रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं के तहत सामग्री एवं लाभ भी वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 अन्नप्राशन एवं 3 गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सहकारिता विभाग द्वारा 2 किसानों को स्वर्णना धान बीज वितरित किया गया तथा एक किसान को बिना ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रदान किया गया। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत ग्राम धाराशिव की 5 महिला हितग्राहियों को गैस सिलेंडर वितरित किए गए। उद्यानिकी विभाग द्वारा 7 महिलाओं को फलदार पौधों का वितरण किया गया।

## थाना सरसीवा में आज सुरक्षा कर्मी की भर्ती

**सारंगढ़।** इच्छुक महिला और पुरुष बेरोजगारों को सुरक्षाकर्मी का रोजगार देने के लिए निजी सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड अनूपपुर मध्यप्रदेश द्वारा 25 मई को थाना परिसर सरसीवा में निशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8103841655 से सम्पर्क कर सकते हैं। इस शिविर सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 26 मई को थाना परिसर केडार, 28 मई को थाना परिसर डोंगरीपाली, 29 मई को थाना परिसर बेलादुला, 30 मई को थाना परिसर सलिहा और 31 मई को थाना परिसर सारंगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

### शनिवार की रात घरघोड़ा, धरमजयगढ़, छाल, खरसिया में जांच अभियान

# अंधेरी रात में अवैध खदानों पर अधिकारियों ने दी दबिश, 5 भारी वाहन किए गए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज अमला लगातार विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कस रहा है। इसी कड़ी में शनिवार रात से रविवार सुबह तक जिला खनिज उड़नदस्ता दल ने घरघोड़ा, धरमजयगढ़, छाल और खरसिया क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान रेत खदानों और खनिज परिवहन कर रहे भारी वाहनों की सघन जांच की गई।

जिला खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त 5 भारी वाहनों को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। अभियान के दौरान रेत खदानों, खनिज परिवहन मार्गों तथा संदेहास्पद भारी वाहनों की लगातार जांच की गई। जांच के दौरान घरघोड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से खनिज रेत का परिवहन करते पाए जाने पर एक हाईवा वाहन को जब्त किया गया। विभागीय कार्रवाई के बाद उक्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से घरघोड़ा थाना में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार पूंजीपथरा क्षेत्र में निम्न श्रेणी चूना पत्थर एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए दो हाईवा और दो ट्रेलर सहित चार वाहनों को पकड़ा गया। विभागीय अधिकारियों ने वाहनों की जांच के बाद उन्हें जब्त कर पूंजीपथरा थाना में पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखा है।



जब्त किए गए वाहन।

### टिमरलगा, गुड़ेली से हो रहा अवैध परिवहन

पूछताछ में वाहन चालकों ने बताया कि गिट्टी सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के टिमरलगा और गुड़ेली क्षेत्र की खदानों से लोड कर लाई गई थी। जिला खनिज विभाग ने सभी संबंधित वाहन मालिकों एवं परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23 के के तहत प्रकरण दर्ज किया है। विभाग के अनुसार प्रकरणों में नियमानुसार आगे दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। रात्रिकालीन कार्रवाई में सहायक खनि अधिकारी आशीष गढ़पाले, खनि निरीक्षक सोमेश्वर सिन्हा सहित जिला खनिज उड़नदस्ता दल के जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे। पूरी कार्रवाई के दौरान अलग अलग क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए खनिज परिवहन मार्गों पर जांच अभियान संचालित किया गया।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला मानक सर्टिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं और उच्च स्तरीय प्रबंधकीय व्यवस्था के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है।

- बीते 16 और 17 अप्रैल को केंद्रीय टीम ने किया था स्वास्थ्य केंद्र का कड़ा मूल्यांकन

गौरतलब है कि बीते 16 एवं 17 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ताओं सेंट्रल टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा का सघन एवं कड़ा मूल्यांकन किया गया था। इस मूल्यांकन में अस्पताल के विभिन्न विभागों, ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, लैबए आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था, स्वच्छता, टीकाकरण, परिवार नियोजन कार्यक्रम, मलेरिया, कुष्ठ, टीबी उन्मूलन, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और रिकॉर्ड संधारण की बारीकी से जांच की गई थी। सभी मानकों पर शत प्रतिशत खरा उतरने के बाद अस्पताल को यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रमाण पत्र जारी किया गया है। यह गौरवपूर्ण सफलता रायगढ़ जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निदेशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एसडीएम के विशेष सहयोग, उत्साहवर्धन में हासिल हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निरंतर स्वास्थ्य केंद्र की तैयारियों की समीक्षा की और टीम का मनोबल बढ़ाया। जमीनी स्तर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसआर पैकरा और ब्लॉक नोडल डॉ. विकास कुमार शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती मंजुलता कुजूर के कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में पूरी टीम ने दिन रात मेहनत की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा के सभी चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, चिरायु टीम, पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आपसी तालमेल, अद्वितीय सहयोग और अथक प्रयास के चलते ही क्षेत्र को यह ऐतिहासिक सौगात मिली है। इस बड़ी कामयाबी पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा यह सर्टिफिकेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा की पूरी टीम की निष्ठा और कड़े परिश्रम का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर का यह प्रमाण पत्र मिलने से अब क्षेत्र की जनता को और भी अधिक गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। हमारा लक्ष्य जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को भी इसी स्तर पर लाना है।

## नशे के खिलाफ एकजुट हुए अधिकारी और ग्रामीण

**रायगढ़।** सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत रायगढ़ के काशीचुआ में आयोजित शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को सहायक उपकरण के रूप में वृद्धजन छड़ी सेटेबल वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। शिविर में उच्चभिट्ठी निवासी भोजराम नायक, देवरी निवासी मनबोध दास महंत, डूमरपाली निवासी श्रीमती श्याम बाई वैष्णव तथा काशीचुआ निवासी श्रीमती हीरामती को वृद्धजन छड़ी प्रदान कर लाभान्वित किया गया। सहायक उपकरण मिलने पर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन की इस पहल को उपयोगी एवं राहतभरी बताया। सहायक उपकरण वितरण के बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामूहिक नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्षा, उपाध्यक्ष द्वारा उपस्थित नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी ने नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने तथा समाज को नशे से मुक्त करने के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## एनएमएल तलईपल्ली ने किया स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एम्बुलेंस का वितरण



**घरघोड़ा।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटिड एनएमएल तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा सामुदायिक विकास पहल के अंतर्गत घरघोड़ा एवं तमनार सीएचसी के लिए दो बेसिक लाइफ सपोर्ट बीएलएस एम्बुलेंस प्रदान की गईं। यह पहल क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया, की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, एनएमएल तलईपल्ली भी उपस्थित रहे। साथ ही घरघोड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, , एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान सांसद श्री राठिया ने एनएमएल तलईपल्ली के सामुदायिक विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि परियोजना द्वारा न केवल प्रभावित गांवों बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी सराहनीय योगदान दिया जा रहा है। अखिलेश सिंह ने इस अवसर पर एनएमएल की सामुदायिक विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया।

## एनटीपीसी ने किया वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन

**रायगढ़।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने परिचालन दक्षता और रणनीतिक विकास के बल पर शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है।

स्टैंडअलोन आधार पर एनटीपीसी ने 44,030 करोड़ की कुल आय दर्ज की, जो की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का कर पश्चात लाभ बढ़कर 8,747 करोड़ हो गया, 4,987 करोड़ था। पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का 18 प्रतिशत बढ़कर 23,162 करोड़ हो गया, 19,649 करोड़ था। इस वृद्धि का प्रमुख कारण नई क्षमता वृद्धि, परिचालन दक्षता में सुधार, वित्तीय लागत में कमी में संशोधन रहा। समेकित आधार पर, एनटीपीसी समूह का पीएटी में 15 प्रतिशत बढ़कर 27,546 करोड़ हो गया, जबकि में यह 23,953 करोड़ था। इस मजबूत प्रदर्शन में संयुक्त उपक्रमों के लाभांश में 29 प्रतिशत की वृद्धि का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जो बढ़कर 2,864 करोड़ हो गया। वहीं, सहायक कंपनियों ने 3,312 करोड़ का लाभ अर्जित किया। क्यू 4 एफवाई 26 में समूह का पीएटी बढ़कर 10,615 करोड़ हो गया, जबकि क्यू 3 एफवाई 26 में यह 5,597 करोड़ था। एनटीपीसी के कोयला आधारित विद्युत संयंत्र लगातार परिचालन दक्षता के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। एफवाई 26 के दौरान एनटीपीसी के कोयला संयंत्रों ने 72.04 प्रतिशत का प्लांट लोड फैक्टर हासिल किया, जो देश के अन्य कोयला आधारित संयंत्रों के औसत 63.20 प्रतिशत पीएएफ से काफी अधिक है। ये परिणाम भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एनटीपीसी की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करते हैं, जो सतत परिचालन उत्कृष्टता एवं विविधीकृत विकास रणनीति पर आधारित है।

## मां बैगिन डोकरी मंदिर परिसर का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



घरघोड़ा नगर के प्रसिद्ध आस्था केंद्र मां बैगिन डोकरी मंदिर परिसर के पास बनने वाले भव्य गार्डन एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। जिंदल फाउंडेशन एवं जेपीएल तमनार के सहयोग से आयोजित इस भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया रहे, जिन्होंने पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया और गार्डन निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस दौरान सांसद ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का विकास केवल सौंदर्यीकरण नहीं बल्कि समाज की आस्था, संस्कृति और पहचान को मजबूत करने का कार्य है। मां बैगिन डोकरी मंदिर क्षेत्र लोगों की श्रद्धा का केंद्र है और यहां बनने वाला गार्डन आने वाले समय में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि भाजपा सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता क्षेत्र का समग्र विकास है। धार्मिक स्थलों के विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय लोगों को सुविधाएं मिलेंगी और आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति एवं परंपरा से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने जिंदल फाउंडेशन एवं जेपीएल तमनार की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत किए जा रहे ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम में एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जनपद सीईओ विनय चौधरी, सीएमओ पुष्पा खलखो, अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, सीएचसी प्रतिनिधि सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एनटीपीसी अखिलेश सिंह यादव वहीं जिंदल फाउंडेशन एवं जेपीएल तमनार की ओर से ऋषिकेश शर्मा ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को संभाला और निर्माण कार्य की जानकारी उपस्थित लोगों को दी।

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत, कांग्रेस नेता ने हल से खेत जोतकर जताया विरोध

**कटेली।** पेट्रोल डीजल की किल्लत और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोपाल बाघे ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए बैल हल से खेत जोतकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। इस प्रतीकात्मक विरोध ने क्षेत्र के लोगों का ध्यान आकर्षित किया। गोपाल बाघे ने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकार पेट्रोल डीजल की कमी को आयात निर्यात में परेशानी का हवाला देकर दर्शा रही हैं, जो एक सोची समझी रणनीति है। उनका कहना है कि देश मे पेट्रोल डीजल की संकट आया नही है, बल्कि प्रधानमंत्री द्वारा जान बूझ कर संकट लाया गया है। इससे ईंधन की कीमतें बढ़ाने में आसानी होती है और आम जनता का विरोध भी कम हो जाता है जबकि इसका लाभ कुछ बड़े ईंधन व्यापारियों और उद्योगपतियों को मिलता है। उन्होंने कहा कि महंगे ईंधन और उसकी कमी से किसान वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। एक ओर खेती की लागत लगातार बढ़ रही है।



## पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल, भीड़ नियंत्रण का लाइव अभ्यास

**रायगढ़।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित जनरल परेड के दौरान पुलिस जवानों को कानून व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण से जुड़ी विशेष ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान बलवा ड्रिल का व्यावहारिक अभ्यास कराया गयाए जिसमें उग्र भीड़ को नियंत्रित करने की रणनीति, अश्रुगैस का उपयोग और आपात हालात में पुलिस की प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया गया। सुबह आयोजित परेड में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने अनुशासित एवं उत्कृष्ट टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। ड्रिल के दौरान एक काल्पनिक स्थिति तैयार की गई।



## वित्त मंत्री की पहल पर 24 घंटे के भीतर बदला गया ट्रांसफार्मर

**रायगढ़।** सुशासन तिहार के तहत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगा है। रायगढ़ जिले के ग्राम चपले, बायंग चौक में ट्रांसफार्मर खराब होने से उत्पन्न बिजली संकट का समाधान मात्र 24 से 30 घंटे के भीतर कर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम चपले, बायंग चौक में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। भीषण गर्मी के बीच बिजली बाधित होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पेयजल व्यवस्था सहित दैनिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही थीं। ग्रामीणों द्वारा समस्या की जानकारी वित्त मंत्री ओपी चौधरी को दी गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल विद्युत विभाग के अधिकारियों को नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर शीघ्र बिजली व्यवस्था बहाल करने के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देश मिलते ही अवकाश के दिन भी विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय हो गए और युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ किया। विभागीय टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम चपले, बायंग चौक में नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। बिजली व्यवस्था सुचारू होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है तथा शासन की संवेदनशीलता गांव स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।



## कन्या शाला घरघोड़ा में वर्ल्ड एनवायरमेंट डे से पहले मिशन लाईफ का आयोजन

**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या शाला घरघोड़ा मे ऊर्जा बचत एवं सरंक्षण के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से पोस्टर, निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्ल्ड एनवायरमेंट से संबंधित एक दिवसीय जन चेतना कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाते हुए प्राकृतिक ऊर्जा के प्रति अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम प्रीति सिंह ठाकुर एवं पूजा बारीक द्वितीय इशिका समर तृतीय खुशी चौहान एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम अर्पिता बेहरा द्वितीय मुस्कान डनसेना तृतीय दिव्या चौहान रहीं द्यसंस्था के प्राचार्य हरिश्चन्द्र बेहरा ने नवीकरणीय एवं अनवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित एवं आयोजित कार्यक्रम के विषय में विचार प्रस्तुत करते हुए छात्राओं को पुरुष्कार प्रदान करते हुए उत्साहवर्धन किया। श्री बेहरा ने आगामी शिक्षण सत्र में भी बेहतरीन शिक्षा प्रगति प्रदर्शन की छात्राओं से अपेक्षा की। जानकरी प्रदान करते हुए कार्यक्रम को विद्यालय के व्याख्याता संदीप पांडेय विजय पंडा संतोष साव सहित शिक्षक विजय पंडा ने सम्बोधित करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं भविष्य के प्रति संवेदनशील होकर ऊर्जा बचत के क्षेत्र में कार्य करने की बात कही। प्रतिभागी विजेता छात्राओं के साथ समस्त छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। समर कैम्प के दौरान आयोजित कार्यक्रम से छात्राओं की दक्षता में अभिवृद्धि होगी एवं अनुभव का लाभ मिल सकेगा।



